**आज का मौसम**

अधिकतम 38° C
न्यूनतम 30° C
सूर्य अस्त (आज) 7:23
सूर्य उदय (कल) 5:24

दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

**अनमोल वचन**



स्वयं को ईश्वर को समर्पित कर दो। यह जीवन जैसा भी है, उनका दिया हुआ है।
-: प्रेमानंद महाराज

वर्ष : 13 अंक : 277 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8

वीरवार
25 जून 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com

## संक्षिप्त न्यूज

### देशभर में 545 पासपोर्ट सेवा केंद्र संचालित, इस वर्ष 10 नए केंद्र खुलेंगे: विदेश मंत्रालय




**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने बताया है कि वर्ष 2025 में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों, पासपोर्ट सेवा केंद्रों और विदेशों में भारतीय दूतावासों के माध्यम से भारतीय नागरिकों को लगभग डेढ़ करोड़ पासपोर्ट और संबंधित सेवाएं प्रदान की गई हैं।

मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि देशभर में पासपोर्ट सेवा केंद्रों और डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हुई है। वर्तमान में देश में ऐसे 545 केंद्र कार्यरत हैं। पिछले वर्ष 10 नए डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र खोले गए थे और इस वर्ष भी 10 नए केंद्र खोले जाने की योजना है।

उन्होंने कहा कि चिप युक्त ई–पासपोर्ट की शुरुआत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ये पासपोर्ट पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित और मजबूत हैं। अब तक लगभग एक करोड़ 47 लाख चिप युक्त पासपोर्ट जारी किए जा चुके हैं।

अधिकारी ने कहा कि पासपोर्ट सेवाओं को और अधिक सरल तथा आम लोगों की पहुंच में लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में देश की केवल लगभग 10 प्रतिशत आबादी के पास ही पासपोर्ट है।

मंत्रालय के अनुसार, इस समय 27 देश भारतीय नागरिकों को वीजा–मुक्त यात्रा की सुविधा देते हैं। वहीं, 47 देशों में भारतीयों को आगमन पर वीजा यानी वीजा ऑन अराइवल की सुविधा मिलती है। इसके अलावा 66 देश भारतीय नागरिकों को ई–वीजा की सुविधा प्रदान करते हैं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में प्रगति की 52वीं बैठक की अध्यक्षता की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में प्रगति की 52वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में लगभग 30 हजार करोड़ रुपये की चार प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं को समय पर पूरा करने और लंबित मुद्दों के शीघ्र समाधान पर जोर दिया।



बैठक में टीबी मुक्त भारत अभियान की भी समीक्षा की गई। श्री मोदी ने टीबी उन्मूलन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग और जागरूकता अभियानों में एनसीसी कैडेटों तथा माय भारत स्वयंसेवकों की भागीदारी बढ़ाने का सुझाव दिया।

प्रधानमंत्री ने साइबर अपराध और डिजिटल धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी एजेंसियों, बैंकों और डिजिटल प्लेटफॉर्मों के बीच बेहतर समन्वय तथा जन–जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए।

# भारतीय नौसेना के जहाज उदयगिरि और कवरत्ती वियतनाम का बंदरगाह दौरा पूरा कर रवाना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय नौसेना के जहाज उदयगिरि और कवरत्ती दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र में अपनी परिचालन तैनाती के अंतर्गत वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर से बंदरगाह दौरा पूरा करने के बाद रवाना हो गए हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस दौरे पर पूर्वी बेड़े के फ्लेग ऑफिसर, रियर एडमिरल आलोक आनंद ने हो ची मिन्ह शहर की पीपुल्स कमेटी और वियतनाम पीपुल्स नेवी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समुद्री सहयोग, आपसी समन्वय और क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा पर चर्चा की।

मंत्रालय ने बताया कि भारतीय नौसेना ने वियतनाम की नौसेना के साथ मिलकर पेशेवर बातचीत और द्विपक्षीय अभ्यासों में भाग लिया। इसका उद्देश्य अंतर–संचालनीयता को बढ़ाना और समुद्री सहयोग को मजबूत करना था। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आईएनएस कवरत्ती पर एक संयुक्त योग सत्र भी आयोजित किया गया।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

## राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान रांची में मेडिकल सीट आवंटन और प्रवेश प्रक्रिया की जांच के लिए सीआईडी पहुंची




**झारखंड(एजेंसी)।** झारखंड के रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान में मेडिकल सीटों के आवंटन और प्रवेश प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए सी.आई.डी. की टीम पहुंची है। सी.आई.डी. अधिकारियों ने संबंधित विभागों में दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है। यह जांच पिछले शैक्षणिक सत्र में हुए प्रवेशों से जुड़ी शिकायतों के आधार पर की जा रही है।

आरोप है कि निर्धारित नियमों का उल्लंघन करते हुए कुछ अयोग्य उम्मीदवारों को प्रवेश दिया गया था। प्रवेश प्रक्रिया के साथ–साथ विभिन्न निविदाओं से जुड़े मामलों की भी जांच की जा रही है।

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग में किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने सोल में दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून से मुलाकात की




**नई दिल्ली(एजेंसी)।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिवेश के बीच भारत–दक्षिण कोरिया संबंधों को और मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि समान मूल्यों और आपसी विश्वास वाले देशों को और अधिक निकटता से मिलकर काम करना चाहिए। सियोल में दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून के साथ बैठक के दौरान उन्होंने यह बात कही। विदेश मंत्री ने कहा कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में विश्वसनीय साझेदारों के बीच सहयोग पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने दोनों देशों के बीच राजनीतिक, पोत निर्माण, व्यापार, निवेश, रक्षा, प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा, संस्कृति और आपसी संबंधों के क्षेत्र में सहयोग की समीक्षा की। इस दौरान स्टार्टअप, फिनटेक और बहुपक्षीय मंचों पर अवसरों के बारे में भी चर्चा की गई। उन्होंने दोनों देशों के संबंधित क्षेत्रों और विश्व स्तर पर विकास से जुडे पहलुओं पर भी विचार–विमर्श किया। डॉ जयशंकर ने कहा कि भारत आपसी संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए दक्षिण कोरिया की प्रतिबद्धता का सम्मान करता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग को और सुदृढ करने के उद्देश्य से सार्थक चर्चाओं की प्रतीक्षा है।

# कतर के अमीर ने पीएम मोदी को फोन पर रास लाफान गैस संयत्र दुर्घटना में 12 भारतीयों की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल–थानी के साथ टेलीफोन पर बात की है। कतर के अमीर ने रविवार को कतर के रास लाफान शहर में हुए हादसे में भारतीय नागरिकों की मृत्यु पर दुख जताया और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

प्रधानमंत्री मोदी ने पीड़ित परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करने के लिए धन्यवाद किया और घायलों को तुरंत चिकित्सीय मदद पहुँचाने के लिए श्री थानी की सराहना की।

प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में शांति के प्रयासों में कतर की भूमिका की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इलाके में शांति और स्थिरता बहाल होगी।



## मणिपुर में मूसलाधार बारिश के कारण कई जगहों पर भूस्खलन



**मणिपुर(एजेंसी)।** मणिपुर में मूसलाधार बारिश के कारण कई जगहों पर भूस्खलन हुआ है। इसके चलते राष्ट्रीय राजमार्ग–37 पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई है। यह भूस्खलन तमेंगलॉन्ग जिले में तीन अलग–अलग स्थानों पर हुआ है।

अधिकारियों का कहना है कि सड़क पर यातायात फिर से शुरू करने के लिए एक अस्थायी रास्ता बनाया जाएगा, इसमें करीब तीन दिन लग सकते हैं। मणिपुर के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। यह सडक राज्य को असम और दूसरे राज्यों से जोड़ती है।

## अमरीका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद से मुलाकात की



**अमरीका(एजेंसी)।** अमरीका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने आज अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने खाड़ी देश की सुरक्षा के प्रति अमरीका की प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में हाल में हुई अमरीका–ईरान कूटनीतिक प्रगति, होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। श्री रुबियो ने संयुक्त अरब अमीरात और खाड़ी क्षेत्र की सुरक्षा के प्रति अमरीका की प्रतिबद्धता को दोहराया।

तीन दिन के खाड़ी दौरे के दौरान रुबियो कुवैत और बहरीन भी जाएंगे। खाड़ी देशों ने व्यापक रूप से शत्रुता की समाप्ति का स्वागत किया है, लेकिन समझौते के कुछ पहलुओं को लेकर उनकी चिंताएं अभी भी बनी हुई हैं।

जलडमरूमध्य से वैश्विक तेल और द्रवीकृत प्राकृतिक गैस आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है, जिससे जलमार्ग की स्थिरता क्षेत्रीय सरकारों और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजारों के लिए एक प्रमुख चिंता का विषय है।

# पंजाब वीडियो कांड- हरियाणा में एफआईआर दर्ज, लुधियाना सीपी,एसपी और 10 लाख की घूस का सनसनीखेज भंडाफोड़!

जीत समाचार हरियाणा/गुरुग्राम (विशेष संवाददाता)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से जुड़े विवादित और आपत्तिजनक वीडियो मामले ने अब एक बेहद संवेदनशील और नया कानूनी मोड़ ले लिया है। हरियाणा के गुरुग्राम स्थित डीएलएफ सेक्टर-29 पुलिस स्टेशन में दर्ज हुई एक एफआईआर ने पंजाब सरकार और पंजाब पुलिस के शीर्ष अधिकारियों को सीधे कटघरे में खड़ा कर दिया है। हरियाणा पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मुख्यमंत्री को क्लीनचिट दिलाने के लिए 10 लाख की घूस देकर फर्जी फोरेंसिक रिपोर्ट तैयार करवाने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है।




**गुरुग्राम के होटल में हुई 'सीक्रेट मीटिंग' का खुलासा**

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, सिरसा निवासी साइबर फोरेंसिक एक्सपर्ट जसप्रीत सिंह जस्सी की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर में दावा किया गया है कि 16 जून 2026 को गुरुग्राम के होटल 'क्राउन प्लाजा' में एक बेहद गोपनीय बैठक हुई थी। होटल के सीसीटीवी फुटेज में कथित तौर पर लुधियाना के पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा और एसपी जश्नदीप गिल की मौजूदगी सामने आई है। आरोप है कि इन अधिकारियों ने जस्सी पर दबाव बनाया कि वे विवादित वीडियो को एआई-जेनरेटेड या फर्जी घोषित करने वाली एक मनमाफिक फोरेंसिक रिपोर्ट तैयार करें।

**वॉट्सऐप चैट और 10 लाख कैश का लेन-देन**

शिकायतकर्ता के अनुसार, जब उन्होंने गलत रिपोर्ट देने से मना किया, तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां दी गईं। इसके बाद इस साजिश में दो अन्य बिचौलियों-अरुण महेंद्रू (सिरसा) और अंकित शर्मा (जींद) को शामिल किया गया।

दबाव की राजनीतिः पुलिस को सौंपे गए वॉट्सऐप चैट के सबूतों में कथित तौर पर रिपोर्ट के पेज नंबर 3 से खास तकनीकी पैराग्राफ हटाने और फाइनल कंक्लूजन (निष्कर्ष) को मुख्यमंत्री के पक्ष में बदलने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे।

कैश और फर्जी लैबः अगले ही दिन होटल के बाहर खड़ी एक पंजाब नंबर की सरकारी इनोवा गाड़ी के पास एक्सपर्ट्स को 10 लाख कैश का भुगतान किया गया। मुख्यमंत्री को क्लीनचिट देने के लिए 'साइबेरियन' और 'सायफर सेंटिनल' नाम की जिन लैब्स की रिपोर्ट का इस्तेमाल किया गया था, जांच में वे दोनों लैब्स पूरी तरह फर्जी और कागजी पाई गई हैं।

**मामले की पृष्ठभूमिः क्यों मचा है पंजाब की सियासत में भूचाल?**

यह पूरा विवाद अक्टूबर 2025 में शुरू हुआ था, जब एक एनआरआई जगमन समरा ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री जैसा दिखने वाले एक व्यक्ति का वीडियो पोस्ट किया था। इस वीडियो में सिख गुरुओं की तस्वीरों के अनादर का आरोप था।

अकाल तख्त का कड़ा रुखः अकाल तख्त साहिब ने दो केंद्रीय लैब्स की रिपोर्ट के आधार पर इस वीडियो को 'असली' माना था और 15 जून 2026 को मुख्यमंत्री भगवंत मान को 'पंथ विरोधी' घोषित कर दिया था।

सरकार का बचावः इसके ठीक बाद, पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दो निजी लैब की रिपोर्ट पेश की, जिसमें वीडियो में दिख रहे व्यक्ति की लंबाई और आईफोन मॉडल का हवाला देकर मुख्यमंत्री को बेकसूर बताया गया था। अब हरियाणा पुलिस ने उन्हीं दोनों रिपोर्ट्स को फर्जी और मनगढ़ंत करार दिया है।

**राजनीतिक बयानबाजी और तीखी प्रतिक्रियाएं**

अकाल तख्त साहिब की सर्वोच्चता को चुनौती देने वालों का हमेशा यही हश्र होता है। हरियाणा पुलिस को इस गहरे षड्यंत्र में शामिल पंजाब के बड़े अधिकारियों और राजनेताओं का पर्दाफाश करना चाहिए।-अकाल तख्त सचिवालय/शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी

हरियाणा पुलिस पूरी तरह भाजपा के इशारे पर काम कर रही है। आम आदमी पार्टी के बढ़ते प्रभाव को रोकने और मुख्यमंत्री को बदनाम करने के लिए यह झूठी एफआईआर और गिरफ्तारियां की गई हैं।-अमन अरोड़ा, पंजाब आप अध्यक्ष

**आगे क्या?**

हरियाणा पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों अरुण और अंकित से सख्ती से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने होटल के सीसीटीवी फुटेज और डिजिटल साक्ष्यों को अपने कब्जे में ले लिया है। पंजाब पुलिस के जिन आला अधिकारियों (कमिश्नर स्वपन शर्मा और एसपी जश्न गिल) का नाम इस मामले में उछला है, उनसे भी संपर्क करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन फिलहाल उनके आधिकारिक फोन बंद आ रहे हैं।

इस भंडाफोड़ के बाद पंजाब की राजनीति में एक बार फिर मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग तेज हो गई है। 'जीत समाचार' इस बेहद संवेदनशील मामले की पल-पल की अपडेट आप तक पहुंचाता रहेगा।




# अहीरवाल के शौर्य, बलिदान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बनेगा नसीबपुर स्मारक!




जीत समाचार हरियाणा। राज्य सरकार द्वारा अहीरवाल क्षेत्र के वीर शहीदों के अदम्य साहस, शौर्य, संघर्ष और सर्वोच्च बलिदान की स्मृति को चिरस्थायी बनाने हेतु नसीबपुर में एक भव्य स्मारक स्थापित किया जाएगा। यह स्मारक न केवल अहीरवाल के गौरवशाली इतिहास और वीर परंपरा को संरक्षित करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों में राष्ट्रभक्ति, देशसेवा और बलिदान की भावना का संचार करने का प्रेरणास्रोत भी बनेगा।

स्मारक परिसर के सौंदर्यीकरण, हरित क्षेत्र विकास तथा आगंतुकों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था, सुगम आवागमन तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं ताकि पर्यटकों और आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। - श्री नायब सिंह सैनी, मुख्यमंत्री

जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com वीरवार, 25 जून 2026

# सम्पादकीय

## संपादकीयः संपादक की कलम से

### सोशल मीडिया और 'फेक न्यूज'–

### सूचना के युग में विवेक की परीक्षा

सोशल मीडिया सूचना का सबसे तेज माध्यम है, लेकिन यही गति कभी–कभी विनाशकारी साबित होती है। आज 'फेक न्यूज' और 'इको चौंबर' (जहाँ हमें वही दिखता है जो हम देखना चाहते हैं) ने समाज में /रुवीकरण को बढ़ावा दिया है।

विश्लेषणरू एल्गोरिदम हमें उन सूचनाओं की ओर धकेलते हैं जो हमारे पूर्वाग्रहों को पुष्ट करती हैं। इससे हम विपरीत विचारों को सुनना बंद कर देते हैं। बिना सोचे–समझे जानकारी साझा करने की आदत ने अफवाहों को जंगल की आग की तरह फैलाया है। किसी भी खबर की सत्यता जांचे बिना उसे आगे बढ़ाना एक सामाजिक अपराध की तरह बन गया है।

निष्कर्ष : हमें 'सूचना साक्षरता' (प्दवितउंजपवद स्पजमतंबल) विकसित करनी होगी। हर समाचार को एक बार 'फैक्ट–चेक' करना अनिवार्य है। इंटरनेट पर मिलने वाली हर जानकारी सच नहीं होती। एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में, हमारा कर्तव्य है कि हम सूचना के उपभोक्ता होने के साथ–साथ उसके प्रति सतर्क भी रहें।

–कमल पवार




वैदिक ज्योतिष शास्त्र, वास्तु शास्त्र, अंक शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, लाल किताब, हस्त रेखा, जन्म कुण्डली विश्लेषण और रत्नों की जानकारी के लिए आप सम्पर्क कर सकते हैं.
पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
93186 82393, 70187 97214.
दिव्या दीप ज्योतिष कार्यालय
bawjiastrology@gmail-com

जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची खबर की

जय श्री गणेश
पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
दिनांक : 25 जून 2026, वीरवार

## आज का पंचांग

तिथि एकादशी 08:11 नक्षत्र स्वाति :04:30
करण : वणिज 07:10 विष्टि : 08:11
पक्ष :शुक्ल योग : शिव 10:53
सूर्योदय : 05:24 सूर्यास्त :07:22
चन्द्रमा : तुला राहुकाल : 02:08 – 03:53
विक्रमी संवतम् : 2083 शक सम्वत : 1948
मास अमांत : ज्येष्ठ
शुभ मुहूर्त : अभीजित 11:55 – 12:51

## आज का राशिफल

### मेष राशि
आप एक नई एसोसिएशन या साझेदारी में प्रवेश कर सकते हैं। आप व्यावसायिक परियोजनाओं के प्रति उत्साही और आश्वस्त हैं। अतरू आप भविष्य में पूर्ण सफलता प्राप्त कर पाएंगें

### वृषभ राशि
आज आप में से कुछ की रचनात्मकता चरम पर होगी लेकिन वित्तीय दबाव हो सकता है। धन संबंधी मामलों को समझदारी से निपटाया जाना चाहिऐ

### मिथुन राशि
अच्छे व्यावसायिक अवसर आपके व्यवसाय को बढ़ाने और विस्तृत करने में अति सहायक सिद्ध होंगे। आप नए क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार होंगे। उद्यमी अच्छा करेंगे। आर्थिक रूप से आप सुरक्षित रहेंगे

### कर्क राशि
आज का दिन भाग–दौड़ वाला हो सकता है। आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर होंगे और आपका उत्साह आपको साहस एवं बल प्रदान करेगा। जिसके फलस्वरूप आप व्यावसायिक स्थितियों को अपने पक्ष में मोड़ पाएंगे

### सिंह राशि
आर्थिक रूप से आप अच्छा करेंगे और कुछ महंगी वस्तुओं की खरीदारी भी कर सकते हैं। भूमि में निवेश भी हो सकता है। व्यावसायिक रूप से दिन शुभ है। जिस प्रोजेक्ट पर आप वर्तमान में काम कर रहे

### कन्या राशि
आज आप में से कुछ के जीवन में अप्रत्याशित रूप से कुछ घटित हो सकता हैं। विदेशी संपर्क वाले लोग व्यावसायिक गतिविधि में उतार–चढ़ाव अनुभव कर सकते है

### तुला राशि
व्यवसाय में उन लोगों के लिए यह एक अनुकूल अवधि है जो एक नई साझेदारी में प्रवेश कर रहे हैं। व्यावसायिक और आर्थिक परियोजनाएं उचित विचार और

### वृश्चिक राशि
आय अच्छी रहेगी, किन्तु बेकार की गतिविधियों पर अंकुश लगाना श्रेयकर रहेगा। आपको अपने करियर में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

### धनु राशि
व्यावसायिक रूप से आज का दिन शुभ रहेगा। पदोन्नति या व्यावसायिक बेहतरी का प्रबल संकेत है। आपको लंबे समय से पोषित सपने एवं परियोजना पर काम करने का अवसर मिल सकता है।

### मकर राशि
किस्मत आपका साथ देगी और महत्वाकांक्षी परियोजनाएं गतिशील हो सकती हैं। नए क्षेत्र में उद्यम करते समय अथवा नए सहयोगियों के साथ बातचीत करते हुए अपने शब्दों एवं विचारों का चयन खूब सोच–समझ कर कीजिये

### कुम्भ राशि
वित्तीय रूप से दिन शुभ है और कुछ महत्वपूर्ण लाभ प्राप्ति भी हो सकता है। उद्यमी और व्यवसायी एक नए संघ या साझेदारी में प्रवेश कर सकते हैं।

### मीन राशि
आज का दिन आपके लिए बहुत उत्साहजनक नही है। आज कार्यों में देरी और बाधाएं प्रबल होंगी। हालांकि पारिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। आर्थिक रूप से आप मजबूत रहेंगे

जीत समाचार TV
जीत सच्ची ख़बर की
जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख बन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची ख़बर की
मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# मानवता की मिसालः बेसहारा बुजुर्ग को कृत्रिम टांग लगवाएगा अपैक्स क्लब लुधियाना

## – दीनानगर के अश्विनी महाजन की मार्मिक कहानी सुनने के बाद द्रवित हुए लुधियाना इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन

**जीत समाचार लुधियाना।** वक्त का मिजाज कब बदल जाए, यह कोई नहीं जानता। इसी कड़वी सच्चाई को महसूस करते हुए लुधियाना के समाजसेवी संगठनों ने एक बेसहारा बुजुर्ग की मदद के लिए हाथ बढ़ाए हैं। अपैक्स इंडिया के लाइफ गवर्नर और लुधियाना इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन सुरिंदर अग्रवाल 'सिक्की' ने दीनानगर के एक लाचार बुजुर्ग अश्वनी महाजन की व्यथा सुनने के बाद उनके पुनर्वास की पूरी जिम्मेदारी ली है।

**क्या है मामला?**

गुरदासपुर जिले के दीनानगर निवासी 69 वर्षीय अश्वनी महाजन एक सड़क हादसे में अपनी दाहिनी टांग गंवा चुके हैं। किसी समय व्यापार में सफल रहे और संपन्न जीवन जीने वाले महाजन का परिवार आज बिखर चुका है। उनके इकलौते बेटे के तीन साल से लापता होने के बाद से वे पूरी तरह से टूट चुके हैं। वर्तमान में वे लुधियाना के चीमा चौक स्थित 'साडे बुजुर्ग साडा मान एनजीओ' के वृद्ध आश्रम में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

**सुरिंदर अग्रवाल ने लिया मदद का संकल्प**

हाल ही में जब अश्वनी महाजन ने अपनी दुखभरी दास्तां सुरिंदर अग्रवाल सिक्की के सामने रखी, तो वे भावुक हो उठे। महाजन की स्थिति को देखते हुए अग्रवाल ने तत्काल प्रभाव से उन्हें कृत्रिम टांग लगवाने का निर्णय लिया। उन्होंने इस नेक कार्य के लिए क्लब के पदाधिकारियों के साथ समन्वय किया है।

**क्लब पदाधिकारियों की प्रतिबद्धता**

इस पुनीत कार्य में अपैक्स क्लब ऑफ लुधियाना के सदस्यों ने एकमत से महाजन की सहायता का निर्णय लिया है। निर्णय लेने वालों में क्लब के सर्विस डायरेक्टर हरकेश मित्तल, प्रधान डॉ. आत्मजीत सिंह, आईपीपी एडवोकेट





अमनदीप भनोट और सेक्रेटरी एडवोकेट जतिंदर पाल सिंह राजन प्रमुख रूप से शामिल रहे। क्लब का कहना है कि बुजुर्ग के उपचार और कृत्रिम अंग लगाने का पूरा खर्च संस्था द्वारा वहन किया जाएगा ताकि वे फिर से अपने पैरों पर खड़े होकर गरिमापूर्ण जीवन जी सकें।

# श्री हिंदू तख्त और हिंदू समाज पार्टी द्वारा पंडित श्रद्धा राम फिल्लौरी जी का प्रीनिर्वाण दिवस श्रद्धा के साथ मनाया

**जीत समाचार लुधियाना।** मुंडियां के राम नगर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्री हिंदू तख्त के उत्तर भारत प्रभारी व हिंदू समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री सुनील कुमार गोयल जी और हिंदू समाज पार्टी की प्रदेश प्रभारी साध्वी गीता भार्गव जी के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

**बच्चों को 'ओम जय जगदीश हरे' आरती के इतिहास से करवाया रूबरू**

श्री शिव शक्ति साइंस स्कूल में बच्चों के साथ इस दिन को यादगार बनाने के लिए एक विशेष सभा रखी गई। इस दौरान उपस्थित बच्चों को विश्व प्रसिद्ध आरती 'ओम जय जगदीश हरे' के रचयिता स्वर्गीय पंडित श्रद्धाराम फिलौरी जी के जीवन और उनके योगदान के बारे में विस्तार से बताया गया। श्री सुनील कुमार गोयल और साध्वी गीता भार्गव जी ने बच्चों को इस




महान भेंट के अर्थ और महत्व को बेहद सरल तरीके से समझाया। स्कूल के बच्चे इस ज्ञानवर्धक जानकारी को पाकर बेहद उत्साहित नजर आए।

**मंदिर में चित्र स्थापित, देशवासियों से की खास अपील**

इस अवसर पर नेताओं द्वारा मंदिर में पंडित श्रद्धाराम फिलौरी जी का चित्र (तस्वीर) भी स्थापित करवाया गया। पूरे देशवासियों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को अपनी संस्कृति से जोड़े रखने के लिए ऐसी महान शख्सियतों को याद रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने अपील की कि सभी लोग हर मंदिर और अपने घरों में पंडित जी की तस्वीर या प्रतिमा लगाकर उन्हें हमेशा याद रखें और सम्मान दें। इस मौके पर स्कूल के स्टाफ सदस्य और भारी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।




दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की




Samuh Samaj Sangathan (SSS)
अभी नही तो कभी नहीं
मानवता की रक्षा एवं सुरक्षित करने का मौका।
सच्चाई से देश सेवा।

मदद लेने और मदद देने के लिए सम्पर्क करें।
9803025111,7986209181,9872081907,9872177784,
7973368960
संगठन का Account No. 65022011000577
IFSC CODE : BKID0006502
BANK OF INDIA
PAYTM ACCOUNT NO.
9815599888,9988340624,9041090470

# केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग से की मुलाकातय पंजाब के दलितों के अधिकारों और अत्याचारों पर उठाई आवाज!



जीत समाचार विशेष संवाददाता लुधियाना । केंद्रीय रेल और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष से एक अत्यंत महत्वपूर्ण और औपचारिक मुलाकात की। इस उच्च स्तरीय बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री बिट्टू ने पंजाब में अनुसूचित जाति समुदाय के नागरिकों के साथ हो रहे कथित भेदभाव, अत्याचार और उनके संवैधानिक अधिकारों के हनन का मुद्दा बेहद प्रमुखता से उठाया। उन्होंने आयोग को पंजाब की वर्तमान जमीनी हकीकत से अवगत कराते हुए एक विस्तृत ज्ञापन भी सौंपा।

**पंजाब में दलितों पर अत्याचार के मामलों में आई तेजीरू बिट्टू**

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने पंजाब की वर्तमान आम आदमी पार्टी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राज्य में पिछले कुछ समय से दलित समुदाय के खिलाफ हिंसा और सामाजिक बहिष्कार की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है।

कानून व्यवस्था पर सवालः बिट्टू ने आरोप लगाया कि पंजाब पुलिस और स्थानीय प्रशासन दलितों से जुड़े मामलों में निष्पक्षता से काम नहीं कर रहे हैं, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

फंड्स की अनदेखीः उन्होंने आयोग के सामने यह बात भी रखी कि केंद्र सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए भेजी जाने वाली योजनाओं का लाभ पंजाब के जमीनी स्तर के लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है।

**आयोग के अध्यक्ष ने दिया सख्त कार्रवाई का भरोसा**

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री द्वारा उठाए गए मुद्दों को बेहद गंभीरता से लिया। आयोग ने आश्वासन दिया है कि पंजाब में दलितों के साथ हो रहे किसी भी अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

तथ्यों की जांचरू आयोग बहुत जल्द इन सभी मामलों का संज्ञान लेते हुए पंजाब के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को समन जारी कर विस्तृत रिपोर्ट तलब करेगा।

जमीनी दौरारू सूत्रों के मुताबिक, आयोग की एक विशेष टीम जमीनी हकीकत का जायजा लेने के लिए जल्द ही पंजाब के संवेदनशील जिलों का दौरा भी कर सकती है।

**राजनीतिक हलकों में बढ़ी हलचल**

रवनीत सिंह बिट्टू की इस सक्रियता के बाद पंजाब की राजनीति में एक बार फिर वार–पलटवार का दौर शुरू हो गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पंजाब में दलित वोट बैंक एक बहुत बड़ी ताकत है, और बिट्टू का सीधे राष्ट्रीय आयोग के पास जाना राज्य सरकार की कानून व्यवस्था पर एक बड़ा राजनीतिक हमला है।

हम पंजाब के हर एक नागरिक के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। दलित समाज के साथ किसी भी स्तर पर अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। केंद्र सरकार और हमारा आयोग हर पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है।
– रवनीत सिंह बिट्टू, केंद्रीय राज्य मंत्री

# रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह ने जालंधर में दो आरओबी परियोजनाओं की आधारशिला रखी

जीत समाचार जालंधर। रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह ने आज पंजाब के जालंधर में दो महत्वपूर्ण रोड ओवर ब्रिज दृ आरओबी परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने बताया कि जालंधर शहर–जालंधर कैंट खंड पर गुरु नानकपुरा आरओबी का निर्माण 48 करोड़ 95 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा, जबकि दूसरा बस स्टैंड–गढ़ा रोड आरओबी 63 करोड़ 98 लाख रुपये की लागत से बनेगा। दोनों परियोजनाओं का पूर्ण वित्तपोषण रेलवे द्वारा किया जाएगा।

श्री सिंह ने कहा कि इन परियोजनाओं से जालंधर और आसपास के निवासियों के लिए सुरक्षित सड़कें, सुगम आवागमन और बेहतर संपर्क का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रत्येक नागरिक के लाभ के लिए अवसंरचना विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पंजाब में रेलवे अवसंरचना और सुरक्षा परियोजनाओं में अभूतपूर्व निवेश हो रहा है।



# टंबर पंचायत के भगूह गांव में भव्य भंडारे का आयोजन, 'आप' नेताओं ने की शिरकत





**जीत समाचार जयसिंहपुर/टंबर(रवि कुमार)।** टंबर पंचायत के अंतर्गत आने वाले भगूह गांव में बुधवार को धार्मिक आस्था और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक 'भंडारा' अत्यंत धूमधाम और श्रद्धा के साथ आयोजित किया गया। इस पुनीत आयोजन में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रसाद ग्रहण कर आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

इस धार्मिक आयोजन में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विशेष रूप से शिरकत की। पार्टी नेताओं ने न केवल कार्यक्रम में भाग लिया, बल्कि स्थानीय जनता के बीच पहुंचकर उनका हाल-चाल भी जाना।

**कार्यक्रम में इनकी रही विशेष उपस्थिति**

इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता श्री कालिदास जी, जयसिंहपुर विधानसभा के संगठन मंत्री श्री रवि कुमार जी, उपाध्यक्ष सूबेदार मेजर सुनील कुमार जी और श्री अमरजीत जी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने स्थानीय निवासियों के साथ आत्मीय संवाद किया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए कामना की। आयोजकों ने बताया कि भंडारे के इस सफल आयोजन में गांववासियों और कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण और सराहनीय योगदान रहा है।

## सूचना - चढ़ियार गैस सर्विस

दिनांक 25/06/2026 को चढ़ियार गैस सर्विस द्वारा निम्न क्षेत्रों में गैस सिलेंडर वितरण किया जाएगा
भुलाना चोबू रोड, सिंबल, चोवू, हरटडा, विकासनगर, महाकाल, कुंशल, शीतला चौक, मढ़ोल, थारा तथा बंदिया माधौल रोड।
हमारे कार्यालय में भी गैस सिलेंडर उपलब्ध रहेंगे तथा वितरण किया जाएगा।
यदि आपके कोई सुझाव, शिकायत या अन्य जानकारी संबंधी आवश्यकता हो, तो कृपया हमारे कार्यालय में सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक संपर्क करें।
01894-257444,01894-257666 धन्यवाद।
चढ़ियार गैस सर्विस।

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
बीमा | निवेश | पेंशन



मोबाइल : 7018797214
एजेंसी कोड : 0172715D
शाखा : पांवटा साहिब हिमाचल प्रदेश
जगदीप कुमार
ऑथोराईज्ड एल.आई.सी काउंसलर

# हिमाचल एचआरटीसी की प्रस्तावित हड़ताल टली, जनता ने ली राहत की सांस



**जीत समाचार शिमला।** हिमाचल प्रदेश में परिवहन सेवाओं के ठप होने का जो संकट मंडरा रहा था, वह टल गया है। राज्य सरकार और एचआरटीसी कर्मचारी यूनियनों के बीच सचिवालय में हुई दो घंटे की मैराथन बैठक के बाद कर्मचारियों ने प्रस्तावित हड़ताल को स्थगित करने का फैसला लिया है। इस निर्णय से प्रदेश भर के लाखों यात्रियों, छात्रों और नौकरीपेशा लोगों ने बड़ी राहत की सांस ली है। आज रात 12 बजे से होने वाली पूर्ण तालाबंदी अब नहीं होगी और बसें अपने निर्धारित रूटों पर सामान्य रूप से चलती रहेंगी।

**सचिवालय में बनी सहमति**

अतिरिक्त मुख्य सचिव (परिवहन) की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सरकार और कर्मचारी संगठनों के बीच मांगों को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। चालक यूनियन के अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर ने बताया कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए यूनियनों ने आंदोलन वापस लेने का निर्णय लिया है। सरकार ने भी कर्मचारियों की जायज मांगों को मानकर एक बड़ा कदम उठाया है।

**प्रमुख समझौते और सरकार के आश्वासन**

नाइट ओवरटाइम का भुगतानः सरकार ने पिछले एक साल से लंबित 23 करोड़ रुपये के नाइट ओवरटाइम का भुगतान एक सप्ताह के भीतर करने पर सहमति जताई है।

वेतन का भुगतानः अब से कर्मचारियों को हर महीने की पहली तारीख को वेतन मिलना सुनिश्चित किया जाएगा।

अन्य वित्तीय लाभः वर्दी भत्ते के लिए 1.50 करोड़ रुपये तुरंत जारी किए जाएंगे। साथ ही, 4-9-14 टाइम स्केल की बहाली पर भी सैद्धांतिक सहमति बन गई है।

तबादले रद्दः हाल ही में बदले की भावना से किए गए सभी तबादला आदेशों को सरकार ने तत्काल प्रभाव से रद्द करने का आश्वासन दिया है।

**सरकार और यूनियन का रुख**

बैठक के बाद कर्मचारी नेताओं ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य जनता को परेशान करना नहीं था, बल्कि वे अपने हक के लिए संघर्ष कर रहे थे। वहीं, सरकार ने भी स्पष्ट किया कि परिवहन व्यवस्था को सुचारू रखना और कर्मचारियों की मांगों का समय पर निपटारा करना उनकी प्राथमिकता है।

इस समझौते ने न केवल एक बड़े परिवहन संकट को टाला है, बल्कि सरकार और कर्मचारियों के बीच एक नई उम्मीद और आपसी विश्वास की नींव भी रखी है। अब हिमाचल प्रदेश की सड़कों पर परिवहन व्यवस्था पूरी तरह सामान्य बनी रहेगी।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

# पिपलू मेले का भव्य आगाज, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने किया शुभारंभ




**जीत समाचार बंगाणा (ऊना)।** जिला स्तरीय ऐतिहासिक पिपलू मेला–2026 का बुधवार को भगवान श्री नरसिंह देव मंदिर परिसर में श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ भव्य शुभारंभ हुआ। मेले का उद्घाटन हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पूजा–अर्चना, ध्वजारोहण और पारंपरिक टमक वादन के साथ किया।

इस अवसर पर कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा, उनकी धर्मपत्नी मृदु शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य लोग मौजूद रहे। उद्घाटन से पहले मंत्री ने बंगाणा में निकाली गई भव्य शोभायात्रा में भी भाग लिया, जिसमें स्थानीय संस्कृति और पारंपरिक वाद्य यंत्र आकर्षण का केंद्र रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पिपलू मेला लोक आस्था, संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ समाज को एकजुट रखने में अहम भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने नशे और सामाजिक कुरीतियों को समाज के लिए गंभीर चुनौती बताते हुए लोगों से इनके खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। साथ ही पूर्वजों के आदर्शों को अपनाकर प्रदेश और क्षेत्र के विकास में योगदान देने की अपील की।

मंत्री ने कुटलैहड़ क्षेत्र की तनोली–बल्ह खालसा सड़क के लिए 20 लाख रुपये देने की घोषणा की और बालकरूपी सड़क विस्तार में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

मेले के पहले दिन हिमाचली लोक गायक काकू राम ठाकुर की प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। उनके लोकप्रिय पहाड़ी गीतों पर पूरा पंडाल तालियों और उत्साह से गूंज उठा। नाटी की थाप पर मंत्री और स्थानीय लोग भी झूमते नजर आए।

कार्यक्रम के दौरान इंडो–नेपाल एथलेटिक्स चौंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता निखिल कुमार और पीजीआई चंडीगढ़ में सेवाएं दे रहे सतपाल धीमान को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक सचिन हिरेमठ, एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल सहित कई अधिकारी और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## हमीरपुर में डीईओसी भवन निर्माण को लेकर हुई अहम बैठक

# जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रस्तावित भवन के पर्यावरण एवं सामाजिक प्रभावों पर हुई चर्चा



**जीत समाचार हमीरपुर(ब्यूरो)।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के जिला एमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (डीईओसी) के लिए प्रस्तावित भवन निर्माण को लेकर बुधवार को उपायुक्त कार्यालय के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आपदा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान हिमाचल प्रदेश आपदा न्यूनीकरण कार्यक्रम (एचपीडीआरआरपी) की मैनेजमेंट एंड डिजाइन कंसल्टेंसी टीम के अधिकारी नीरज शर्मा और वरुण शर्मा ने जिला अधिकारियों के साथ डीईओसी भवन निर्माण की योजना पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान प्रस्तावित भवन के निर्माण से जुड़े पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों के अध्ययन के तहत सर्वेक्षण भी किया गया, ताकि निर्माण कार्य को सभी आवश्यक मानकों और सुरक्षा उपायों के तहत आगे बढ़ाया जा सके।

बैठक में डीडीएमए की प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण समन्वयक समीक्षा शर्मा और डीईओसी प्रभारी भानु शर्मा ने बताया कि एचपीडीआरआर कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक या मानवजनित आपदाओं के दौरान सुनियोजित और प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करना है, ताकि बचाव और राहत कार्यों को तेजी और कुशलता के साथ अंजाम दिया जा सके।

अधिकारियों ने बताया कि इसी कार्यक्रम के अंतर्गत हमीरपुर में आधुनिक सुविधाओं से लैस डीईओसी भवन का निर्माण किया जाएगा, जिससे आपदा प्रबंधन व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।

# सबका साथ–सबका विकास का दावा खोखला: कैलाशपुर के शिव निहारी धाम के लिए रास्ता न बनने पर ग्रामीणों में फूटा गुस्सा– काली दास प्रदेश प्रवक्ता आम आदमी पार्टी

**जीत समाचार जयसिंहपुर/कैलाशपुर (अभिषेंक न्यूज एडिटर, काँगड़ा)।** जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र की पंचायत कैलाशपुर स्थित आस्था के केंद्र शशिव निहारी कूड शिव धामश इन दिनों घोर उपेक्षा का शिकार है। इस धार्मिक स्थल तक जाने वाले 500 मीटर रास्ते के निर्माण में हो रही देरी को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने सरकार और स्थानीय विधायक एवं मंत्री यादविन्द्र गोमा के प्रति गहरा रोष व्यक्त किया है।

ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के लिए आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता काली दास ने पंचायत के गांव बल्ह का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ शआपश के विधानसभा उपाध्यक्ष प्रीतम मेहरा, संयुक्त सचिव कर्म सिंह और वीरेंदर सिंह भी मौजूद रहे।

### मंत्री के आश्वासन के बाद भी नहीं बना रास्ता

स्थानीय ग्रामीण कुलदीप चंद, नीलम राणा और अन्य बुजुर्गों व युवाओं ने बताया कि उन्होंने इस मामले को लेकर स्थानीय मंत्री से कई बार गुहार लगाई है। ग्रामीणों का आरोप है कि मंत्री महोदय ने उनसे कहा था कि यदि वे जमीन की अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध करा देंगे, तो वे तुरंत रास्ते का काम शुरू करवा देंगे। ग्रामीणों ने बिना समय गंवाए छव्ब सौंप दी, लेकिन इसके बाद मंत्री ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि उनके पास बजट नहीं है।



### हमारे साथ सौतेला व्यवहार कर रहे मंत्री

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मंत्री का व्यवहार उनके प्रति बेहद उदासीन है। उन्होंने कहा, ष्ऐसा प्रतीत होता है कि हम जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के नागरिक नहीं, बल्कि किसी दूसरे क्षेत्र के हैं। जानबूझकर हमारी अनदेखी की जा रही है।ष ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब अन्य क्षेत्रों के विकास कार्यों के लिए बजट उपलब्ध है, तो केवल उनके गांव के साथ ही भेदभाव क्यों किया जा रहा है?

### प्राकृतिक धरोहर और आस्था का केंद्र है शिव निहारी

गौरतलब है कि शिव निहारी गुफा शिव धाम एक अत्यंत रमणीक स्थल है, जहाँ प्राकृतिक रूप से भगवान शिव की 108 छोटी–बड़ी पिण्डियां मौजूद हैं। स्थानीय लोगों की इस स्थान के प्रति गहरी आस्था है, लेकिन रास्ते के अभाव में यहाँ पहुँचना श्रद्धालुओं के लिए कठिन बना हुआ है।

### 'आप' ने दी आंदोलन की चेतावनी

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता काली दास ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि ग्रामीणों की इस जायज मांग को जल्द पूरा नहीं किया गया, तो आम आदमी पार्टी स्थानीय लोगों के साथ मिलकर बड़ा धरना–प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस उपेक्षा के कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति की संपूर्ण जिम्मेदारी प्रदेश सरकार और संबंधित विभाग की होगी।